पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राजभवन के चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्स कर्मियों को दीपावली के अवसर पर उपहार एवं मिष्टान्न वितरित कर शुभकामनाएं दीं

प्रदेश के वित्त मंत्री समेत विभिन्न गणमान्यों ने राज्यपाल को दीपावली की बधाई दी

समाज को भेदभाव मुक्त बनाना हमारा दायित्व

अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यों में निपुणता व पूर्णता के गुण विकसित करें

बच्चों में भी स्वच्छता की भावना का विकास हो

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 11 नवम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज राजभवन में चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्स कर्मियों को दीपावली के अवसर पर उपहार एवं मिष्टान्न वितरित कर सबको सुख, समृद्धि और खुशहाली की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि समाज मे किसी प्रकार का सामाजिक भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने भगवान श्री राम द्वारा शबरी के झूठे बेर खाने और निषाद राज को गले लगाने का उदाहरण देते हुए सामाजिक समानता का व्यवहार करने को प्रेरित किया। उन्होंने इस क्रम में विविध पौराणिक प्रसंगों को पढ़ने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कार्यों में निपुणता व पूर्णता लाने के गुण विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजभवन को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी राजभवन के कार्यरत सभी कार्मिकों की है। स्वच्छता अभियान में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों में भी स्वच्छता की भावना का विकास होना चाहिए। उन्होंने राजभवन में आने वाले प्रत्येक आगंतुक से प्रिय व्यवहार करने और यथोचित सहयोग करने को भी कहा।

राज्यपाल जी ने राजभवन के द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं गतिविधियों के संचालन की चर्चा करते हुए कहा कि राजभवन से टी0वी0 ग्रस्त मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण की शुरुआत करवाई गई। उन्होंने कहा कि राज भवन ऐसे लोगों के लिए है जिनकी मदद करने वाला कोई नहीं होता। इस क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय के एक छात्र के प्रसंग की चर्चा भी की जो कैंसर का उपचार करवा रहा था तथा राजभवन ने उसकी मदद करते हुए समुचित जाँच करवाई, जिसमें उसके टी0वी0 ग्रस्त होने का पता चला। उन्होंने बताया कि छात्र को कैंसर नहीं था, टी0वी0 था। छात्र की राजभवन से समुचित पोषण की व्यवस्था कर दी गई और चिकित्सा भी सही दिशा में प्रारम्भ करा दी गई।

राज्यपाल जी ने दीपावली पर्व के गुजरात के अपने अनुभव भी साझा किए और दीपावली के बाद नव विक्रम संवत की शुरुआत की चर्चा भी की और सभी को इसकी अग्रिम बधाई दी।

आज राज्यपाल से मिलकर बधाई देने वालों में प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना, विविध राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतिगण, उम्मीद संस्था से श्री बलवीर सिंह मान, जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारीगण

शामिल थे। इससे पूर्व राजभवन से अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह, विधिक सलाहकार श्री प्रशान्त मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल जी को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

———

डॉ. सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक,
श्री कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361

राजभवन उत्तर प्रदेश